एनटीपीसी विंध्याचल ने गर्व, एकता और संकल्प के साथ मनाया 77वाँ गणतंत्र दिवस

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 जनवरी ।एनटीपीसी विंध्याचल ने 77वाँ गणतंत्र दिवस अंबेडकर स्टेडियम में हर्षोल्लास, देशभक्ति और जनभागीदारी के साथ भव्य रूप से मनाया। इस गरिमामय आयोजन में कर्मचारी, उनके परिवारजन तथा स्थानीय समुदाय के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों का उत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों में ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण), ज्ञान सिंह भाटी, उप कमांडेंट (सीआईएसएफ), एम. सुरेश, महाप्रबंधक(अनुरक्षण एवं एडीएम), डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक(चिकित्सा), देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक(तकनीकी सेवाएँ एवं परियोजना) तथा श्रीमती रुमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही टाउनशिप के विद्यालयों के प्राचार्य, सीआईएसएफ, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधिगण तथा सुहासिनी संघ के सदस्य भी उपस्थित रहे।

समारोह का शुभारंभ राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुआ, जिसके पश्चात परेड निरीक्षण और प्रभावशाली मार्च पास्ट का आयोजन किया गया। डीपीएस, डी पॉल, एसएसएम, बाल भवन एवं अन्य विद्यालयों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों और आकर्षक झांकियों ने विकसित भारत की परिकल्पना और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया।अपने प्रेरणादायी संबोधन में श्री संजीब कुमार साहा ने विद्युत उत्पादन, परिचालन उत्कृष्टता और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में एनटीपीसी विंध्याचल की उल्लेखनीय उपलब्धियों को रेखांकित किया। उन्होंने सभी विभागों के योगदान की सराहना करते हुए कॉरपोरेट एवं क्षेत्रीय मुख्यालय के सतत सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित किया गया। डीपीएस एनसीसी टीम को सर्वश्रेष्ठ कंटिन्जेंट का पुरस्कार प्रदान किया गया, 18 टुकड़ियों को सर्वश्रेष्ठ टर्नआउट पुरस्कार मिला। 88 कर्मचारियों को एचओपी मेरिटोरियस अवार्ड तथा 33 कर्मचारियों को बिजनेस एक्सीलेंस और सीआईआई-एक्सिम बैंक आकलन में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त, छह कोर वैल्यू एक्ज़ुअलाइजेशन चैंपियंस एवं उनकी टीमों को एनटीपीसी के मूल्यों को कार्य संस्कृति में प्रभावी रूप से आत्मसात करने के लिए सम्मानित किया गया ।समारोह का समापन एक मानवीय पहल के साथ हुआ, जब श्री संजीब कुमार साहा एवं वरिष्ठ प्रबंधन ने विंध्य चिकित्सालय जाकर मरीजों को फल वितरित किए। यह पहल संस्थान की सामाजिक जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का प्रतीक रही। पूरे दिन का आयोजन राष्ट्रप्रेम, संगठनात्मक गौरव और एक सशक्त व उज्ज्वल भारत के निर्माण के साझा संकल्प का सशक्त प्रतिबिंब रहा।

हिंडालको महान में अनुशासन, सुरक्षा और राष्ट्रभक्ति के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

एस. सेंथिलनाथ ने ली परेड की सलामी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 जनवरी। हिंडालको महान में 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन पूरे उत्साह, अनुशासन और देशभक्ति के वातावरण में किया गया। मुख्य समारोह हिंडालको महान सांस्कृतिक प्रांगण में आयोजित हुआ, जहां परियोजना प्रमुख एस. सेंथिलनाथ ने राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया और सलामी परेड का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मियों, स्कूली बच्चों और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही ।अपने संबोधन में एस. सेंथिलनाथ ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि संविधान के मूल्यों को व्यवहार में उतारने का दिन है। उन्होंने सभी से सुरक्षित कार्य संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारी को प्राथमिकता देने का आह्वान किया।

उन्होंने हिंडालको महान की बीते वर्ष की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए सुरक्षित कार्यप्रणाली के लिए राष्ट्रीय सम्मान, डब्ल्यूआरएम विस्तार परियोजना की स्वीकृति, नई तकनीक आधारित उत्पाद विकास, ऊर्जा व फ्लाई ऐश प्रबंधन, नवाचार के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार, कर एवं ईएसजी श्रेणी में मिले प्रतिष्ठित सम्मान के साथ-साथ जनसम्पर्क विभाग को प्राप्त 'विंध्य गौरव सम्मान' का विशेष रूप से उल्लेख किया और इसे संगठन की सकारात्मक छवि व संवाद की सफलता बताया ।गणतंत्र दिवस के अवसर पर हिंडालको महान सांस्कृतिक प्रांगण में सुरक्षा प्रमुख कर्नल गौरव चतुर्वेदी (सेवानिवृत्त) के नेतृत्व में सलामी परेड का आयोजन किया गया। इसके साथ ही सुरक्षा प्रथम के संदेश को मजबूत करने के उद्देश्य से सुरक्षा रैली निकाली गई, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सुरक्षा जागरूकता से जुड़े स्लोगन लिखे पोस्टर हाथों में लेकर संयंत्र परिसर में भ्रमण किया और सुरक्षित कार्य संस्कृति का संदेश दिया।

एनसीएल में धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

आत्मनिर्भर भारत के लिए सतत ऊर्जा संरक्षा के लिए कटिबद्ध एनसीएल : मनीष कुमार

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 जनवरी ।सोमवार को देश के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर सिंगरौली स्थित हेलीपैड मैदान में आयोजित केंद्रीय कार्यक्रम में एनसीएल के निदेशक (मानव संसाधन), श्री मनीष कुमार ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सभी कर्मियों व हितग्राहियों को राष्ट्रीय पर्व की शुभकामनाएं दीं एवं परेड का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर केंद्रीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनीष कुमार ने कहा कि आज का दिन संवैधानिक उत्सव मनाने के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। अपने उद्बोधन में उन्होंने आयातित कोयले को प्रतिस्थापित करते हुए देश की ऊर्जा आत्मनिर्भरता और 'विकसित भारत-2047' की संकल्पना को साकार करने के आलोक में व्यावसायिक विविधीकरण के साथ उत्पादन, उत्पादकता और प्रेषण बढ़ाने पर बल दिया। इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी), लैंड एक्वीजीशन एंड डेटा प्रबंधन (एलएडीएम) जैसे डिजिटल पहलों को विस्तार से बताते हुए उन्होने कहा कि वर्तमान में एनसीएल एफएमसी सहित अन्य पर्यावरण अनुकूल विधियों से अपना 85 प्रतिषत कोयला ग्राहकों को भेज रही है। उन्होंने अपने उद्बोधन में एनसीएल की महत्वपूर्ण सीएसआर पहलों जैसे -नन्हा-सा-दिल-एनसीएल, चरक, 'सशक्त किसान, समृद्ध गांव' जैसे कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कर्मी कल्याण और जेईई और नीट परीक्षा हेतु नि: शुल्क कोचिंग संस्थान, एनसीएल पोषित विद्यालयों के बच्चों को जीवन रक्षक बनाने हेतु फर्स्ट ऐड ट्रेनिंग जैसे योजनाओं के बारे में बताया। इसके अलावा श्री मनीष कुमार ने एनसीएल द्वारा अलग-अलग संवर्गों - तकनीशियन, एचईएमएम ऑपरेटर्स, सुपरवाइजर्स, ओवरसीयर्स, पैरामेडिकल स्टाफ में चल रहे भर्ती प्रक्रिया के बारे में भी बताया। अंत में उन्होंने आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना के अनुरूप सतत और दीर्घकालिक विकास के प्रति एनसीएल की प्रतिबद्धता को दोहराया ।कार्यक्रम के दौरान एनसीएल के निदेशक (वित्त) श्री रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री सुनील प्रसाद सिंह, निदेशक(तकनीकी/परियोजना एवं योजना) श्री आशुतोष द्विवेदी, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री अजय कुमार जायसवाल, कम्पनी जेसीसी सदस्य- सीएमएस से श्री अजय कुमार, बीएमएस से श्री अशोक कुमार मिश्रा, आरसीएसएस से श्री लाल पुष्पराज सिंह, एचएमएस से श्री अशोक कुमार पाण्डेय, सीएमओएआई के महासचिव श्री सर्वेश सिंह, कृति महिला मंडल की उपाध्यक्षा, श्रीमती नम्रता कुमार, श्रीमती संगीता नारायण, श्रीमती रूबी जायसवाल, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में एनसीएल कर्मी, विद्यालयीन बच्चे व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

एक नजर में

नगर परिषद कार्यालय सरई में सुरेंद्र सिंह उईके ने किया ध्वजारोहण

सरई 27 जनवरी। नगर परिषद सरई में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास, उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस पावन अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद सरई सुरेंद्र सिंह उईके ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से गूंज उठा। अपने संबोधन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुरेंद्र सिंह उईके ने संविधान निर्माताओं को नमन करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि भारत का संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय का मार्ग दिखाता है तथा हम सभी का दायित्व है कि अपने कार्यों के माध्यम से देश और समाज की सेवा करें। उन्होंने नगर परिषद के सभी कर्मचारियों से ईमानदारी, पारदर्शिता और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता, अनुशासन और नागरिक सहभागिता पर भी विशेष बल दिया गया।

अंत में मिठाई वितरण कर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष अनुराधा सिंह, उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता बल्ली, पार्षद रमापति जायसवाल, सुमन सिंह, गया प्रसाद यादव, प्रेम सिंह भाटी,व बबलू गुप्ता, शहजाद खान,महिपाल सिंह, संतोष जायसवाल,कार्यालय स्टाफ संजय कुमार साकेत, भगोले साकेत, विजय कुमार जायसवाल, विनय कुमार साकेत, उदित साहू, विनोद साहू,आनंद सिंह, कुलदीप रावत दिनेश साकेत, सुमन द्विवेदी, आरती सिंह, मीना रावत, गणेश दुबे एवं नगर परिषद कार्यालय के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

किसानों के साथ पोर्टल के नाम पर हो रहा खिलवाड़ : उमा शंकर

नवभात न्यूज

चितरंगी 27 जनवरी ।मध्य प्रदेश मे आजकल किसान काफी परेशान है क्युकी किसान अपनी धान नही बेच पा रहा है क्योकि पोर्टल के नाम पर हो रहा है।

खिलवाड़ क्युकी धान खरीदी करने की तारीख 20 जनवरी 2026 तक तय की गई थी और सलाट बुक करने की तिथि 13 जनवरी 2026 तक लेकिन मजे के बात तो यह है की सरकार के इसारो पर विभाग द्वारा सलाट बुकिंग की प्रक्रिया 8 जनवरी को हि बंद कर दिया गया जिसको लेकर जिले मे हजारों लोग अभी तक मे धान नही बेच पाये है उसका कारण है की पोर्टल के नाम पर किसानो के साथ छलावा जो की निर्धारित समय 13 जनवरी के पहले 8 जनवरी को हि पोर्टल बंद कर दिया गया है युवा समाज सेवी उमा शंकर सिंह बैस ने मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से मांग किया है जनवरी 2026 के अंदर हि पोर्टल खोल के किसानो का धान खरीदी कराये ताकि किसानो के साथ अन्याय न हो अन्यथा किसानो के साथ न्याय की लड़ाई लड़ी जाएगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रसाशन की होगी !!

रेल परियोजना के मुआवजे में भारी अनियमितता, गरीब किसानों को अब तक नहीं मिला हक

झोंखो गांव के किसान नारायण पटेल सहित आधा दर्जन लोगों ने कलेक्टर से की शिकायत, भू-अर्जन कार्यालय पर रिश्वत और भेदभाव का गंभीर आरोप

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 जनवरी । ललितपुर-सिंगरौली नई रेल परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण में मुआवजा वितरण को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। ग्राम झोंखो, तहसील चितरंगी के प्रभावित किसान नारायण पटेल ने कलेक्टर एवं जिला भू-अर्जन अधिकारी को आवेदन देकर अधिकारियों-कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

किसान का कहना है कि परियोजना से प्रभावित भूमि एवं परिसंपत्तियों का एवार्ड आदेश क्रमांक 0143/अ-74/2024-25 दिनांक 13 मई 2025 को पारित किया गया था, लेकिन आज तक कई गरीब और अशिक्षित किसानों को मुआवजा राशि नहीं दी गई है ।आवेदन में उल्लेख किया गया है कि जिन किसानों की आर्थिक और राजनीतिक पकड़ मजबूत है, उन्हें तत्काल मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया गया, जबकि कमजोर वर्ग के किसानों को लगातार टाल-मटोल किया जा रहा है। इससे साफ होता है कि उपखंड कार्यालय चितरंगी में मुआवजा वितरण के लिए दोहरा मापदंड अपनाया जा रहा है, जो प्रशासनिक कदाचार की श्रेणी में आता है ।किसान नारायण पटेल ने आरोप लगाया कि उन्होंने भू-अर्जन कार्यालय के लिपिक घोषी बाबू और हल्का पटवारी रमेश तिवारी को कई बार बैंक पासबुक और आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ आवेदन दिया, लेकिन किसी भी स्तर पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। जब वह मुआवजा राशि के संबंध में उपखंड कार्यालय जाते हैं, तो वहां उनसे अवैध रूप से पैसे की मांग की जाती है। पैसा न देने पर उन्हें बार-बार टाल दिया जाता है। इतना ही नहीं, पीड़ित किसान द्वारा कई बार उपखंड अधिकारी चितरंगी को भी आवेदन देकर मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि रेल परियोजना के नाम पर उनकी जमीन तो ले ली गई, लेकिन बदले में मिलने वाला हक उन्हें जानबूझकर रोका जा रहा है। पीड़ित किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही एवार्ड आदेश के अनुसार मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस पूरे प्रकरण ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह है कि कलेक्टर इस शिकायत पर क्या कार्रवाई करते हैं और क्या झोंखो गांव के किसानों को उनका वैधानिक अधिकार मिल पाएगा या नहीं।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को महिला थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 27 जनवरी। जिले की महिला थाना पुलिस ने नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 जनवरी 2026 को पीड़िता नेहा (परिवर्तित नाम) उम्र 10 वर्ष, निवासी जिला सिंगरौली ने महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि चितरवईकला निवासी आरोपी आशीष कुमार शाह पिता रामकृष्ण शाह ने उसके साथ अश्लील हरकत की। पीड़िता के अनुसार वह आरोपी के पास फोन लगवाने गई थी। इसी दौरान बातचीत के बहाने आरोपी ने उसके साथ गलत कृत्य किया और किसी को न बताने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़िता भयभीत हो गई। 16 जनवरी को आरोपी ने पुन: उसे अपने किराये के कमरे में बुलाया, जिससे घबराकर पीड़िता ने अपनी माता को फोन कर मौके पर बुला लिया। रात अधिक होने के कारण अगले दिन 17 जनवरी को महिला थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना में अपराध क्रमांक 15/2026 अंतर्गत धारा 65(2) भारतीय न्याय संहिता, पॉक्सो एक्ट की धारा 3, 4(2), 5(एम)/6 तथा एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान आरोपी की तलाश की जा रही थी। 27 जनवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

इस कार्रवाई में निरीक्षक श्रीमती आराधना सिंह परिहार, सउनि रामबहोरी प्रजापति, प्रधान आरक्षक अखिलेश रावत, बेलाकली सिंह, आरक्षक संदेश यादव एवं प्रताप सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

चार साल से इलाज को तरस रहा घायल

प्रशासन की संवेदनहीनता उजागर

नवभारत न्यूज

सिंगरौली27 जनवरी । तहसील सरई अंतर्गत ग्राम झारा निवासी गुलाब प्रसाद पठारी वर्ष 2022 में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

हादसे के बाद डॉक्टरों ने ऑपरेशन की सख्त जरूरत बताई, लेकिन आर्थिक कमजोरी के कारण वे इलाज नहीं करा सके। तब से लेकर आज तक वे न्याय और इलाज की उम्मीद में कलेक्ट्रेट के चक्कर काट रहे हैं, परंतु चार वर्ष बीत जाने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस मदद नहीं मिल सकी है। गुलाब प्रसाद परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य हैं। दुर्घटना के बाद वे चलने-फिरने में असमर्थ हो गए, जिससे मजदूरी भी छूट गई। घर में बुजुर्ग माता-पिता और बच्चों का पालन-पोषण करना मुश्किल हो गया है। हालात इतने बदतर हो चुके हैं कि दो वक्त की रोटी का इंतजाम भी चुनौती बन गया है। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने कई बार जनसुनवाई में आवेदन दिया, अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। ऑपरेशन के लिए न तो आर्थिक सहायता मिली और न ही किसी योजना का लाभ। सवाल यह है कि गरीब और मजबूर नागरिक आखिर जाए तो जाए कहां? यह मामला प्रशासनिक संवेदनहीनता की तस्वीर पेश करता है। शासन की स्वास्थ्य योजनाएं कागजों में चल रही हैं, जबकि जरूरतमंद जमीन पर तड़प रहे हैं। यदि समय रहते गुलाब प्रसाद का इलाज हो जाता, तो आज वे अपने परिवार का सहारा बन सकते थे।अब ग्रामीणों ने मांग की है कि पीड़ित को तत्काल आर्थिक सहायता दी जाए और सरकारी खर्च पर उसका ऑपरेशन कराया जाए। वरना यह मामला केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की विफलता का उदाहरण बन जाएगा।

महाविद्यालय जा रही छात्रा राष्ट्रीय राजमार्ग पर अचानक सड़क पर गिरकर हुई बेहोश

नवभारत न्यूज

देवसर 27 जनवरी। देवसर में आज एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जब देवसर महा विद्यालय जा रही एक छात्रा राष्ट्रीय राजमार्ग पर अचानक सड़क पर गिरकर बेहोश हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार छात्रा कॉलेज जाने के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिर पड़ी। घटना के बाद कुछ समय के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई।

स्थानीय लोगों की संवेदनशीलता से बची जान, हालत स्थिर

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय नागरिकों ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए घायल छात्रा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवसर पहुंचाया। वहां चिकित्सकों द्वारा छात्रा का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार छात्रा की स्थिति फिलहाल स्थिर बनी हुई है और वह खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार छात्रा ग्राम सहूआर की निवासी है। घटना की सूचना उसके परिजनों को दे दी गई है, जो अस्पताल पहुंच रहे हैं।

सुचारू कार्यसंचालन के लिए सुव्यवस्थित भवन का होना आवश्यक : विश्वामित्र पाठक

नवभारत न्यूज

सिंगरौली,दिनांक 27 जनवरी। को विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत जोगिनी में नव निर्मित पंचायत भवन अटल सुशासन भवन का विश्वामित्र पाठक विधायक विधानसभा क्षेत्र सिहावल के मुख्य आतिथ्य में लोकार्पण सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां वीणावादिनी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत हुई तत्पश्चात पूजा अर्चना एवं मंत्रोंचार के साथ शिला पट्टिका का अनावरण एवं फीता काट कर नव निर्मित भवन का लोकार्पण किया गया।

मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने पंचायत भवन के कक्षों में जाकर निर्माण कार्य की गुणवत्ता को देखा। मुख्य अतिथि श्री विश्वामित्र पाठक विधायक विधानसभा क्षेत्र सिहावल ने अपने उद्बोधन में कहा कि नए मॉडल का यह पंचायत भवन तय समय के अंदर बन कर आज लोकार्पित हो रहा है। पंचायतों में सुचारू कामकाज एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए सुव्यवस्थित भवन का होना अत्यंत आवश्यक है। मुख्य अतिथि ने आगे कहा कि अब ग्राम पंचायत जोगिनी के निवासियों को पंचायत

संबंधी कार्यों में सुविधा होगी। क्षेत्रीय विधायक ने विकसित भारत, जी राम जी, योजना के बारे में उपस्थित लोगों को विस्तार से बताया कि यह योजना आपकी भलाई के लिए है इस योजना में आप सभी को आवश्यकता नुसार काम उपलब्ध होगा साथ ही समय पर भुगतान की सुगमता होगी जिससे आप सभी का विकास तो होगा ही आत्मनिर्भर भारत बनाने में मदत मिलेगी क्योकि ग्रामों के विकास से ही देश का विकास होगा। क्षेत्रीय विधायक ने ग्राम पंचायत जोगिनी के अंतर्गत माध्यमिक शाला जोगिनी, माध्यमिक शाला सजहर का हाईस्कूल में उन्नयन कराने एवं खाखन नदी पर सिंचाई बांध का निर्माण कराने का आश्वासन दिया ।मंचीय कार्यक्रम पश्चात मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथीयों ने उपस्थित लोगों के साथ गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर आयोजित सहभोज भाग लिया ।इस अवसर पर मुख्यरूप से प्रणव पाठक अध्यक्ष ज. पं.देवसर, श्रीमती एतवरिया साकेत सरपंच, संजीव तिवारी सीईओ, ध्रुवेंद्रनाथ चतुर्वेदी जनपद सदस्य, परशुराम तिवारी, वरुण द्विवेदी सरपंच, राम प्रसाद बैस, अर्जुन यादव, मोहन पनिका, महेश बैगा महामंत्री, महेश गुप्ता, रामाश्रय विश्वकर्मा, संतोष कोल सहायक यंत्री, राजेंद्र द्विवेदी बीपीओ, उदयभान पाठक स्वच्छता समन्वयक, ग्राम पंचायत के पंच गण, अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।